# पक्का भरोसा | by Sachin Kediia & Poorva Mishra

नहीं ये हो नहीं सकता ये बेडा डूब जायेगा
मेरे डूबने से पहले मेरा श्याम आएगा
मेरा श्याम आएगा....मेरा श्याम आएगा

पक्का भरोसा है अपने कन्हैया पे
विश्वास है मुझको बंसी बजैया पे
उसे मालूम है वर्षों का ये रिश्ता टूट जाएगा
मेरे डूबने से पहले मेरा श्याम आएगा
मेरा श्याम आएगा....मेरा श्याम आएगा

हाँ चल पड़ा है वो मुझको बचाने को
हाँ आ रहा है वो रिश्ता निभाने को
कन्हैया जानता है धीरज मेरा छूट जाएगा
मेरे डूबने से पहले मेरा श्याम आएगा
मेरा श्याम आएगा....मेरा श्याम आएगा

आता रहा है वो आता रहेगा वो
तेरे साथ हूँ हर दम मुझसे कहेगा वो
मेरे आंसू का बनवारी ये झरना फूट जाएगा
मेरे डूबने से पहले मेरा श्याम आएगा
मेरा श्याम आएगा....मेरा श्याम आएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-by-sachin-kediia-poorva-mishra/